Positive Choices
Drug and Alcohol Information
Get informed, stay smart, stay safe

Factsheet

पार्टियों में अपने बच्चे/अपनी बच्ची की सुरक्षा सुनिश्चित करना

Evidence ratings:

This resource has undergone expert review. See our Help/Q&A section for more details.

Year:

Targeted Drugs: Alcohol, Drugs (General)

Tags: Hindi, party, parties, celebration, event

Origin: Australian

Cost:
Free

प्रमुख संदेश

- यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को किसी पार्टी में आमंत्रित किया जाता है, तो उनके साथ सुरक्षित रहने के बारे में बात करने के लिए समय निकालें।
- विवरण की जांच करने और अपना फोन नंबर देने के लिए पार्टी की मेजबानी करने वाले माता-पिता के साथ बात करें।
- पार्टी के दौरान अपने बच्चे/अपनी बच्ची या मेजबानों को आपसे संपर्क करने की आवश्यकता होने की स्थिति में अपना मोबाइल फोन अपने साथ रखें।

आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ किन विषयों पर बात करनी चाहिए

एल्कोहल (शराब)

यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची का घर पर एल्कोहल से संपर्क नहीं होता है, फिर भी जब वे बड़े हो जाते हैं तो सामाजिक आयोजनों और पार्टियों में एल्कोहल मौजूद हो सकता है। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के एल्कोहल के संपर्क में आने से पहले ही उनके साथ इस बारे में बात करना एक अच्छा विचार है, और जब उन्हें पार्टी में आमंत्रित किया जा रहा है, तो यह अवसर इस बात के लिए एक अच्छा समय हो सकता है।

अपने बच्चे/अपनी बच्ची के सामने एल्कोहल का सेवन करने के बारे में अपनी भावनाएँ व्यक्त करें। स्पष्ट नियम बनाने से आपके बच्चे/आपकी बच्ची को एल्कोहल का सेवन करना शुरू करने और एल्कोहल से संबंधित नुकसान की रोकथाम करने में मदद मिल सकती है। अपने बच्चे/अपनी बच्ची को पार्टी में ले जाने के लिए एल्कोहल उपलब्ध कराना एक अच्छा विचार नहीं है। इससे यह संदेश मिलता है कि एल्कोहल का सेवन करने में कोई गलती नहीं है, जिसके फलस्वरूप कम उम्र से ही युवा अधिक एल्कोहल का सेवन करना शुरू कर सकते हैं।

यदि आपको लगता है कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची या पार्टी में अन्य लोग एल्कोहल का सेवन करेंगे, तो अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ सुरक्षित रहने और नुकसान से बचने के बारे में बात करें। यह इस प्रकार की सलाह हो सकती है कि:

- ड्राइव नहीं करना या ऐसे किसी ड्राइवर के साथ कार में न बैठना, जिसने एल्कोहल का सेवन किया है
- दोस्तों के साथ रहना
- तैराकी, बाइक चलाने और अन्य शारीरिक खेलों जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होना।

साथियों के दबाव का सामना करना

अपने बच्चे/अपनी बच्ची से इस बारे में बात करें कि यदि उनके दोस्त उन्हें मादक-पदार्थ आज़माने के लिए मजबूर करते हैं, तो क्या करना चाहिए। उन्हें बताएँ कि अधिकांश युवा लोग एल्कोहल या मादक-पदार्थों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, और आप उन्हें *Positive Choices* की वेबसाइट पर विद्यार्थियों के लिए जानकारी दिखा सकते/सकती हैं: https://positivechoices.org.au/students/

अगर कुछ गलत हो जाए, तो क्या करें

आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए यह जानना अच्छा रहता है कि अगर कुछ गलत हो जाए, तो क्या करना चाहिए। उन्हें तैयार करने में उनकी सहायता के लिए कुछ सुझाव हैं:

- प्रत्येक पार्टी से पहले सुरक्षा-संबंधी संदेशों को दोहराएँ। इसे आसान बनाएँ, जैसेकि उन्हें सिखाएँ कि यदि कुछ गलत हो जाता है तो उन्हें आपको या एबुंलेंस (000) को कॉल करना चाहिए।
- उन्हें बताएँ कि यदि उन्हें सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो वे किसी परेशानी में नहीं फंसेगें। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के पार्टी में उपस्थित रहते समय अपने मोबाइल फोन को अपने साथ रखें।
- उन्हें याद दिलाएँ कि वहाँ किसी वयस्क द्वारा निगरानी की जाएगी, और यदि कुछ भी गलत हो जाता है, तो उन्हें वयस्क से बात करनी चाहिए।
- उन्हें याद दिलाएँ कि परिस्थितियाँ कभी-कभी नियंत्रण से बाहर जा सकती हैं और जैसे ही कोई समस्या हो, तो वयस्क के साथ बात करना सबसे अच्छा होता है।
- उन्हें पार्टी में अपने दोस्तों पर नज़र रखने के लिए कहें, विशेषकर यदि वहाँ एल्कोहल हो।
- अपने बच्चे/अपनी बच्ची से हमारा इस विषय पर तथ्यपत्रक पढ़ने के लिए कहें कि यदि उनका कोई दोस्त बेहोश हो जाता है और उन्हें सहायता के लिए प्रतीक्षा करने की आवश्यकता है, तो किसी व्यक्ति को रिकवरी पोजिशन में कैसे रखा जाता है।

मेजबानी करने वाले माता-पिता के साथ चर्चा करें

पार्टी के बारे में विवरण की जांच करने के लिए पार्टी की मेजबानी कर रहे माता-पिता से संपर्क करना एक अच्छा विचार है। इसमें वे सभी बातें शामिल हो सकती हैं जिनके बारे में आप चिंतित हैं, किंतु कुछ सुझाव नीचे दिए गए हैं।

क्या पार्टी में एल्कोहल होगा?

यदि उत्तर हाँ है, तो मेजबानी करने वाले माता-पिता को बताएँ कि क्या आपका बच्चा/आपकी बच्ची अभी भी पार्टी में शामिल होगा/होगी और क्या आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची को एल्कोहल का सेवन करने की अनुमति देते/देती हैं या नहीं।

किस प्रकार की निगरानी की जाएगी?

मेजबानी करने वाले माता-पिता से पार्टी की निगरानी करने की उनकी योजना के बारे में पूछें, जैसे कितने वयस्क उपस्थित होंगे। यह सुनिश्चित करें कि आप इस स्तर की निगरानी के साथ सहज हैं। यदि आप निगरानी में सहायता कर सकते/सकती हैं, तो उन्हें बताएँ।

पार्टी किस समय शुरू और समाप्त होगी?

मेजबान से शुरू करने और समाप्त होने का स्पष्ट समय पूछें। इससे आपको पार्टी में आने-जाने के लिए परिवहन की व्यवस्था करने में सहायता मिलेगी और यदि आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची को स्वयं नहीं ले जा रहे/रही हैं, तो आपको पता रहेगा कि वह कहाँ है। अपने बच्चे/अपनी बच्ची के साथ इस बारे में योजना बनाएँ कि पार्टी के बाद वे घर कैसे जाएँगे, और यह सुनिश्चित करें कि उनके पास एक सुरक्षित विकल्प उपलब्ध है।

संपर्क नंबर की अदला-बदली करें

मेजबानी करने वाले माता-पिता का फोन नंबर सेव करके रखें, क्योंकि हो सकता कि आपको उनसे संपर्क करने की आवश्यकता पड़े।

© 2025 Positive Choices | Built by Netfront